हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार, 16 दिसंबर 2023

11 आईसीएसआई जीके क्विज में राष्ट्रीय स्तर पर भारती प्रथम



12 नपा सफाई व फायर कर्मी दूसरे दिन भी हड़ताल पर, जगह-जगह कूड़े का ढेर



## खबर संक्षेप

### रात को पुलिस ने डीजे को किया इंपाउंड

**कनीना।** सिटी थाना पुलिस ने रात 11 बजे कनीना मंडी टी प्वाइंट पर एक पिकअप में तेज गति से बजाए जा रहे एक डीजे को इंपाउंड किया। पुलिस ने आदेशों की अवहेलना में मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की। सिटी थाना एसएचओ कमलदीप राणा ने लोगों से अपील की है कि वह रात्रि के समय ऊंची आवाज में डीजे न बजाए व प्रशासन की ओर से जारी किए गए दिशानिर्देशों का पालन अवश्य करें।

### गैर-शिक्षण पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन करें

**नारनौल।** लाला लाजपत राय यूनिवर्सिटी ऑफ वेटरनरी एंड एनिमल साइंस हिसार ने गैर-शिक्षण पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इसमें क्लर्क, निमल अटेंडेंट, स्टेनो टाइपिस्ट, बेलदार, ड्राइवर, हेल्पर पद शामिल है। विवि में भर्ती के लिए अधिकारिक वेबसाइट से इच्छुक उम्मीदवार पांच जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। आरक्षित वर्गों को सरकार के नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट दी गई है।

### 31 तक प्रॉपर्टी सत्यापित करें, टैक्स में 15% छूट

**नारनौल।** नगर परिषद क्षेत्र के तहत आने वाले प्रॉपर्टी धारक नगर परिषद कार्यालय के कमरा नंबर नौ में हेल्प डेस्क पर व स्वयं अपनी संपत्ति को सत्यापित करवाता है, तो सरकार की ओर से उन सभी प्रॉपर्टी धारकों को वर्ष 2023-24 के टैक्स पर 15 प्रतिशत की छूट का लाभ मिलेगा। ईओ सुमनलता ने बताया कि नप क्षेत्र के तहत आने वाले प्रॉपर्टी धारक वर्ष 2010-11 से वर्ष 2022-23 तक का बकाया कर एक मुस्त जमा करने पर उसे 15 प्रतिशत का लाभ मिलेगा तथा 100 प्रतिशत ब्याज माफ होगा।

### अमित, मुकेश सहित छह परामर्श समिति सदस्य बने

**महेंद्रगढ़।** रेल मंत्रालय ने प्रदेश के विभिन्न रेलवे स्टेशन पर निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों के लिए परामर्श समिति का गठन कर 6 सदस्य मनोनित किए हैं। जिनमें भाजपा जिला महामंत्री अमित मिश्रा, नपा के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर मुकेश मेहता, व्यापारी भूषण गोयल, सुरेश गोस्वामी, कैलाश सैनी और संदीप यादव सिसोठ शामिल हैं।

### बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**महेंद्रगढ़।** मेघनवास चौक के पास बाइक से घर जा रहे एक व्यक्ति को निजी स्कूल बस ने टक्कर मार दी। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। गांव मेघनवास निवासी पवन ने बताया कि शुक्रवार को करीब आठ बजे वह अपनी बाइक पर किसी काम से महेंद्रगढ़ जा रहा था। गांव डुलाना निवासी धर्मपाल पेट्रोल पंप से तेल डलवाकर अपने घर जा रहा था। इसी दौरान स्कूल बस ने बाइक को टक्कर मार दी।

# एक चलती फिरती संस्था थे चौ. मित्रसेन आर्य, समाज के हर क्षेत्र में दिया भरपूर सहयोग

## दैनिक हरिभूमि नारनौल कार्यालय में 93वीं जयंती पर उन्हें दी भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

परममित्र मानव निर्माण संस्थान के संस्थापक एवं वैदिक पथ के पथिक स्वर्गीय चौधरी मित्रसेन आर्य की 93वीं जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बस स्टैंड के पास सत्या प्लाजा बिल्डिंग स्थित दैनिक हरिभूमि कार्यालय में शुक्रवार इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी, नगर परिषद की पूर्व चेयरपर्सन एवं भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष भारती सैनी, कांग्रेस नेत्री डा. राजसुनेश यादव व जिला जजपा प्रवक्ता सिकंदर गहली विशेष रूप से मौजूद रहे।

नप चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने कहा कि दुनिया में कुछ ही विरले लोग ऐसे होते है जो अपने सत्कर्मों के पद चिन्ह छोड़ जाते है, जो दूसरों के लिए हमेशा अनुकरणीय होते है। चौधरी मित्रसेन ऐसे ही व्यक्तित्व थे, जिन्होंने जीवनभर ऐसे कार्य किए जो मिसाल बने रहेंगे। उनका मत था कि हम सब एक दूसरे को मित्र की दृष्टि से देखे। ऐसे विचार से मानव कल्याण की राह आसानी होती है। नप पूर्व चेयरपर्सन भारती सैनी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि कर्मयोगी स्व. मित्रसेन आर्य की जीवन यात्रा व्यक्ति को साधना, त्याग, तप व समर्पण के सहारे सुख व समृद्धि एक साथ पाने का राह बताती है। उन्होंने सकारात्मक सोच के साथ ऊंचाईयां छुई। परोपकार उनके जीवन का अभिन्न अंग रहा।

### 100 दिन में बसाया इंद्रप्रस्थ नगर

जब गुजरात में भूकंप आया और कई गांव तहस नहस हो गए तो उन्होंने साहिबसिंह वर्मा के साथ राष्ट्र स्वाभिमान और ग्रामीण स्वाभिमान के आह्वान पर रिकार्ड 100 दिनों में इंद्रप्रस्थ नामक नया नगर बसाया। इसमें 800 परिवारों को बसाया गया। इसका उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। उनकी महान सोच को अधिमान कर उन द्वारा शुरू किए गए समाजसेवा, शिक्षा क्षेत्र, प्राचीन गुरूकुल पद्धति व अन्य कार्यों को उनका परिवार ना केवल जारी रखें हुए है बल्कि इन्हें आधुनिक समाज के अनुसार बनाने में कोई कोर कसर नहीं रखी जा रही। कांग्रेस नेत्री डा. राजसुनेश यादव ने अपने विचार रखते हुए कहा कि चौधरी मित्रसेन का जन्म 15 दिसंबर 1931 को हिसार जिले के खांडाखेड़ी गांव में स्वतंत्रता सेनानी एवं आर्य समाजी परिवार में हुआ। साल-1948 में कारीगर के रूप में लेथ मशीन से काम की शुरूआत की। रोहतक में अपना व्यवसाय करने के साथ उड़ीसा में वर्कशॉप की। फिर ट्रांसपोर्ट, माइनिंग क्षेत्र में सफल कारोबारी साबित हुए।



नारनौल। चौधरी मित्रसेन आर्य के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए। फोटो:हरिभूमि

### सत्याग्रह आंदोलन में जेल गए

वे हिन्दी सत्याग्रह आंदोलन के दौरान नौ अगस्त से 19 दिसंबर 1957 तक हिसार जेल में बंद रहे। उन्होंने गुरूकुल व शिक्षण संस्थान खोलकर निर्धन परिवारों के बच्चों को शिक्षा उपलब्ध करवाई। सिकंदर गहली ने कहा कि कठिन जीवन की डगर पर चलते हुए उन्होंने यह अनुभव किया कि मानव जीवन के दुख के चार कारण अज्ञान, अहंकार, आलस्य और अभाव है। जब तक मानव समाज के इन शत्रुओं को परास्त नहीं किया जाता तब तक मानव जीवन से दुखों का अंत नहीं हो सकता। चौधरी मित्रसेन आर्य स्वयं में एक संस्था थे। उन्होंने हमेशा समाज के हर क्षेत्र में अपना भरपूर योगदान दिया। जिसको कभी भी नहीं भुलाया जा सकता। ऐसे महान आत्मा को हम सब नमन करते है। इस दौरान दैनिक हरिभूमि के जिला प्रभारी सतीश सैनी ने भी स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य को श्रद्धांजलि अर्पित कर अपने विचार सांझा किए। इस मौके पर कृष्ण कलवाड़ी, गोकल सैनी, दीपक यादव के अलावा हरिभूमि नारनौल कार्यालय से पत्रकार राजकुमार व नितेश कुमार और मार्केटिंग इंचार्ज सतपाल शर्मा भी मौजूद रहे।

## जिले में बार चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न, नारनौल व महेंद्रगढ़ में हुआ मतदान

# नारनौल: प्रधान मंजीत व सुमित सचिव बने

नारनौल में 755 में से 706 और महेंद्रगढ़ में 232 ने किया मतदाधिकार का प्रयोग, कनीना में पहले ही सर्वसम्मति से हो चुका है सभी पदों पर चुनाव





नारनौल। बार प्रधान मंजीत मांदी एवं सचिव सुमित गुर्जर का स्वागत करते हुए व महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते अधिवक्ता। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला बार एसोसिएशन नारनौल के चुनाव में प्रधान पद पर एडवोकेट मंजीत सिंह मांदी ने विजय हासिल की है। आमने-सामने के मुकाबले में उन्होंने 197 वोटों से विजय हासिल की। इसी प्रकार सचिव पद के लिए एडवोकेट सुमित गुर्जर ने एकतरफा जीत दर्ज की है। उन्होंने आमने-सामने की टक्कर में अपने प्रतिद्वंद्वी को 286 मतों के भारी अंतर से हरा दिया। मतदान संपन्न होने के बाद मतगणना की गई और मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट रविंद्र सिंह यादव ने परिणाम घोषित किए। मतदान बैलेट पेपर से हुआ था। पूर्व निर्धारित शेड्यूल के अनुसार शुक्रवार सुबह नौ बजे बार एसोसिएशन का मतदान प्रारंभ हुआ। बार एसोसिएशन नारनौल में केवल दो ही पदों प्रधान एवं सचिव पद के लिए चुनाव करवाए गए। बाकी पदों का पहले ही निर्विरोध चुनाव हो गया था। नारनौल बार में कुल 755 वोटे थे और इस चुनाव में अधिवक्ताओं ने खूब रुचि दिखाई और मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संपूर्ण चुनाव शांतिप्रिय ढंग से संपन्न हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि नारनौल बार में कुल 755 वोटर थे।

जिनमें से प्रधान पद के लिए 706 मत पोल हुए। इनमें से 7 मत कैंसिल पाए गए। प्रधान पद के चुनाव में एडवोकेट मंजीत सिंह यादव प्रधान चुने गए हैं, जिन्होंने 448 वोट प्राप्त किए, जबकि आमने-सामने की टक्कर में एडवोकेट संतोख सिंह यादव को कुल 251 मतों से ही संतोष करना पड़ा। एडवोकेट मंजीत सिंह कुल 197 वोटों से विजयी हुए हैं।



प्रधान मंजीत मांदी।



सचिव सुमित चौधरी।

### सुमित 286 वोटों से जीते

सचिव पद के लिए भी आमने-सामने की टक्कर में एडवोकेट सुमित गुर्जर ने विजय हासिल की है। सचिव पद के लिए 755 में से 706 मत पोल हुए, जिनमें से 8 वोट कैंसिल पाए गए हैं। सुमित चौधरी (गुर्जर) को 492 वोट मिले, जबकि एडवोकेट हेमंत शर्मा को महज 206 मत ही प्राप्त हुए। इस प्रकार सुमित चौधरी ने जितने मत हेमंत शर्मा को मिले, उससे भी ज्यादा मतों 286 के अंतर से उन्हें हरा दिया। चुनाव परिणाम घोषित करते वक्त एडवोकेट रविंद्र सिंह यादव के अलावा एआरओ रामजीलाल यादव एडवोकेट व एआरओ रणधावा सिंह एडवोकेट भी मौजूद थे। चुनाव परिणाम आते ही विजयी उम्मीदवारों के समर्थकों में जोश उमड़ आया तथा उन्होंने विजयी उम्मीदवारों को बधाई एवं शुभकामनाएं देनी शुरू कर दी। इसी खुशी में लड्डू बांटे गए तथा फूल-मालाओं से विजयी उम्मीदवारों का स्वागत व सम्मान किया।

## महेंद्रगढ़ में लगातार दूसरी बार राजीव यादव के सिर सजा प्रधानी का ताज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

बार एसोसिएशन के चुनाव शुक्रवार को शांतिपूर्वक संपन्न हुए। राजीव यादव लगातार दूसरी बार बार एसोसिएशन के प्रधान बने हैं। राजीव यादव पांच बार प्रधान रह चुके बंसीलाल को नौ वोट से हराकर 46वे बार एसोसिएशन के प्रधान बने हैं। वहीं उपप्रधान के लिए मुकाबला काफी रोचक रहा। एक वोट से जीतकर चंद्रदीप बरगड़ विजयी बने। 29 दिसंबर से एक दिसंबर तक चली नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रधान पद के लिए अशोक कुमार, बंशीलाल, देवेंद्र सिंह, मुकेश कुमार बागोतिया, प्रेमराज, राजीव यादव व रविंद्र सिंह ने नामांकन किया था। उपप्रधान के पद के लिए अनिल कुमार बंसल, चंद्रदीप बरगड़ व नवीन कुमार व सचिव के लिए अशोक कुमार व सत्यवीर बुडिनिया ने नामांकन किया था। वहीं सहसचिव के लिए अमरसिंह व कोषाध्यक्ष के लिए योगेंद्र कुमार ने नामांकन किया था। दोनों पद एक-एक नामांकन होने के कारण उन्हें निर्विरोध चुन लिया गया हैं। दो दिसंबर को नामांकन पत्रों की छटनी की गई। वहीं चार दिसंबर को नामांकन वापसी के अंतिम दिन प्रधान पद के चार प्रत्याशी व उपप्रधान एक प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापस ले लिया हैं। प्रधान पद के लिए बंशीलाल, राजीव यादव व प्रेमराज, उपप्रधान के लिए चंद्रदीप बरगड़ व नवीन कुमार व सचिव के लिए अशोक कुमार व सत्यवीर बुडिनिया के बीच मुकाबला हुआ। शुक्रवार को नौ बजे मतदान प्रक्रिया शुरू हुई। वहीं शाम पांच बजे मतदान के बाद परिणामों की घोषणा की गई।

### नौ वोट से जीतकर दूसरी बार बने प्रधान

प्रधान पद के लिए बंसीलाल, राजीव यादव व प्रेमराज मैदान में थे। 232 वोट में से एक वोट कैंसिल हुआ। राजीव यादव ने नौ वोट से जीतकर लगातार दूसरी बार एसोसिएशन के प्रधान बने। उनको 97 वोट प्राप्त हुए। वहीं बंसीलाल को 88 तथा प्रेमराज को 45 वोट मिले। उपप्रधान पद के लिए चंद्रदीप बरगड़ व नवीन कुमार के रोचक मुकाबला हुआ। एक वोट से जीतकर चंद्रदीप बरगड़ उपप्रधान बने। उनको 116 वोट मिले। वहीं नवीन कुमार को 115 मत प्राप्त हुए। एक वोट कैंसिल हुआ। वहीं सचिव पद के लिए अशोक कुमार व सत्यवीर बुडिनिया मैदान में थे। सत्यवीर बुडिनिया 96 वोट से विजयी बनें। उनको 163 वोट मिले। वहीं अशोक कुमार को 66 वोट प्राप्त हुए। जबकि एक वोट कैंसिल हुआ। सहसचिव के लिए अमरसिंह व कोषाध्यक्ष के लिए योगेंद्र कुमार को पहले ही निर्विरोध चुन लिया गया था।



राजीव यादव, प्रधान।



चंद्रदीप बरगड उपप्रधान।



सत्यवीर सचिव



## बंदी पर ब्लेट से गला का आरोप मां बोली, जेल में दी यातनाएं

■ शूटर नितिन फौजी से जोड़ा जा रहा नाम

**नारनौल।** नसीबपुर जेल में विचाराधीन एक बंदी ने शुक्रवार सुबह सेफ्टी सेविंग ब्लेड से अपना गला काटकर आत्महत्या करने की कोशिश की। सुबह की गिनती होनी थी, लेकिन विचाराधीन बंदी कुलदीप उर्फ राठी गांव रिवासा थाना महेंद्रगढ़ ने ब्लेड से अपना गला काट लिया। जेल प्रशासन ने यह आरोप लगाया है। जिससे जेल में हड़कंप मच गया तथा उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंची। जहां चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रोहतक के लिए रेफर कर दिया। मां ने जेल प्रशासन पर यातनाएं देने का आरोप लगाया है। डीएसपी जेल सरवर सिंह ने बताया कि हवालाती बंदी कुलदीप उर्फ राठी वासी गांव रिवासा थाना महेंद्रगढ़ सिटी गत 3 दिसंबर को दाखिल हुआ। शुक्रवार सुबह गिनती खोलने के उपरांत सुरक्षा वार्ड चक्की नंबर चार में सेफ्टी सेविंग ब्लेड से अपना गला काट लिया और आत्महत्या की कोशिश की। ब्लेड बरामद कर लिया गया है तथा आगामी कार्रवाई के लिए उन्होंने एसपी जेल को पत्र लिखा है। कुलदीप फिलहाल रोहतक पीजीआई में उपचाराधीन है।

**नाजायज तंग करने का आरोप:** सूचना के बाद अस्पताल पहुंची कुलदीप उर्फ राठी की मां सुनीता ने पुलिस पर अपने बेटे से नाजायज मारपीट करने प पांच दिसंबर को हुए सुखदेव गोगामेड़ी केस में फंसाकर उसको जेल की चक्की में डालकर यातनाएं देने का आरोप लगाया। जिससे तंग होकर यह कदम उठाया है। उसका बेटा अपराधी नहीं है, लेकिन दुश्मनों ने उसे फंसाया है। कुलदीप बेरोजगार था और उसने अपने एक मित्र के साथ मिलकर पिकअप-डीजे का काम शुरू किया था और करीब चार लाख रुपये की हिस्सेदारी डाली थी, लेकिन उसका मित्र उस चार लाख रुपये को देने से मना कर दिया तथा उसे पार्टनर भी नहीं बनाया। इससे परेशान होकर कुलदीप ने अपने दोस्त के साथ मारपीट जरूर की थी और उसी से मारपीट के केस चल रहे हैं।

# नांगल पीपा: 4 लाख के एल्यूमिनियम की तार चुरा ले गए चोर

■ सप्लाई लाइन का ठेका लेता है पीड़ित

**नांगल चौधरी।** नांगल पीपा में एक खाली प्लॉट से करीब 4 लाख की एल्यूमिनियम की वायर चोरी हो गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित राजेंद्र यादव ने बताया कि वह बिजली सप्लाई की लाइन बिछाने का ठेका लेता है। मैटेरियल का स्टॉक आवासीय मकानों के पीछे खाली प्लाट में कर रखा है। जिसमें भारी मात्रा में एल्यूमिनियम की तार, पोल व लोहे के उपकरण पड़े हुए हैं। बीती देर रात करीब 12:30 तक उसका भाई प्लाट में बैठा हुआ था। बाद सर्दी बढ़ते ही मकान का दरवाजा बंद करके सो गया। चोर चौपहिया वाहन में एल्यूमिनियम की वायर के बंडलों को उठाकर गाड़ी में लोड किया गया। सुबह करीब सात बजे परिजन प्लाट में पहुंचे। यहां तारों को खुर्द-बुर्द देखकर उन्हें चोरी की आशंका हो गई तथा तत्परता से ठेकेदार राजेंद्र को बुलाया गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना किया तथा फोटोग्राफी की। पीड़ित ने बताया कि अज्ञात चोरों के वाहन के खोज सड़क तक दिखाई दिए हैं, सड़क पर चढ़ने के बाद कौन की साईड से फरार हुए यह कहना संभव नहीं। थाना इंचार्ज भूपेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोपितों तक पहुंचने के लिए डंप कॉल डिटेल की मदद ली जाएगी।



## सतनाली चौक पर बीच सड़क ट्रक फंसने से जाम



**महेंद्रगढ़।** शहर के सतनाली चौक पर बीचों-बीच शुक्रवार को सुबह करीब 11 बजे एक ट्रक का पिछला पहियां नवनिर्मित नाले में धंस गया। चौक के बीच में पहियां धसने से दिनभर जाम की स्थिति रही। देर शाम तक चौक से ट्रक को नहीं हटाया गया था। जिसके चलते दिनभर ट्रैफिक पुलिस के कर्मचारी यातायात को सुचारू करने को लगे रहे। ट्रक ड्राइवर गिरीधर बीकानेर से ट्रक में पीओपी भरकर लाया था। ट्रक में करीब एक हजार कट्टे पीओपी के भरे गए थे। जब वह बीकानेर से सतनाली चौक पर पहुंचा तो सतनाली की ओर जाने वाले मार्ग पर बने नवनिर्मित नाले में ट्रक का पिछला पहिया धंस गया।

# एचएसएनसीबी बॉर्डर पर चलाया सर्च अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को रेवाड़ी यूनिट इंचार्ज निरीक्षक अनिल कुमार व उनकी की टीम ने शेरा डॉग के साथ नांगल चौधरी बॉर्डर पर नशा तस्करों को पकड़ने के लिए सर्च अभियान चलाया। सर्च अभियान के दौरान थाना नांगल चौधरी प्रबंधक एसआई भूपेंद्र व उनकी टीम भी मौजूद रही। इस दौरान टीमों की ओर से संयुक्त सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान नशे में संलिप्त लोगों की तलाशी व उन्हें नशा ना बेचने की चेतावनी दी गई। निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि टीम की ओर से स्नीपर डॉग शेरा के साथ नशा तस्करों पर नकेल कसने के लिए सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान किसी प्रकार का कोई नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ। पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान लोगों को एचएसएनसीबी के टोल फ्री नंबर 9050891508 पर सूचना देने बारे जागरूक किया गया और कहा कि सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।



नारनौल। अभियान के दौरान चैकिंग करती पुलिस। फोटो: हरिभूमि

### डॉग स्क्वायड की टीम ने चलाया अभियान



**नारनौल।** डॉग स्क्वायड की टीम ने मंढाणा नाके पर तैनात पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर वाहनों को चैक किया। अवैध शराब का कारोबार करने वालों, नशा तस्करों पर शिंकजा कसने के लिए पुलिस की ओर से कड़ी कार्रवाई की जा रही है। टीम ने वाहनों की सघनता से चैकिंग की। इस दौरान कोई भी संदिग्ध पदार्थ नहीं मिला। वाहनों की डिग्गी खुलवा कर भी जांच की गई। एसपी ने बताया कि पुलिस में एक डॉग स्क्वायड है, जिसको ट्रेनिंग दी गई है। जिससे पुलिस की ओर से लगातार नशीले पदाथरें को लेकर चैकिंग करवाई जा रही है। वाहनों की समय-समय पर डॉग स्क्वायड टीम की मदद से चैकिंग की जा रही है। एसपी ने बताया कि जिले के नाकों से गुजरने वाले वाहनों को डॉग स्क्वायड की टीम की ओर से चैक किया जा रहा है।

## जिला स्तरीय गीता महोत्सव: विभिन्न विभागों की लगेंगी प्रदर्शनी

# हाथों से बने व्यंजन व उत्पाद खरीदने का मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

आगामी 22 व 23 दिसंबर को आईटीआई में मनाए जाने वाले जिला स्तरीय गीता महोत्सव में विभागों की ओर से लगाई जाने वाली प्रदर्शनी के संबंध में अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने शुक्रवार को अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में अधिकारियों की बैठक ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एडीसी ने कहा कि गीता महोत्सव के दौरान स्वयं सहायता समूह तथा आम नागरिकों की ओर से प्रदर्शनी में हाथों से तैयार किए गए स्वादिष्ट व्यंजन तथा विभिन्न प्रकार के अन्य उत्पाद का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा प्रदर्शनी में हाथों से बनी ज्वेलरी, पेंटिंग, देसी परिधान, घरों के सजावटी सामान भी उपलब्ध रहेगा। जहां लोगों को सस्ती दरों पर खरीदने का मौका मिलेगा।



सरकारी विभागों में आयुष विभाग की ओर से देसी जड़ी बूटियों के माध्यम से इलाज की पद्धति व योग प्राणायाम की जानकारी दी जाएगी। वहीं देसी दवाइयों का स्टाल भी लगेगा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में प्रदर्शनी लगाई जाएगी। शिक्षा विभाग की ओर से प्रदर्शनी में आने वाले स्कूली बच्चों के लिए कैरियर काउंसलिंग व हायर एजुकेशन ई-अधिगम के बारे में जानकारी दी जाएगी। बागवानी विभाग की ओर से ऑर्गेनिक वेजिटेबल, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग तथा कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से किसानों को ड्रोन तकनीक व मोटा अनाज के बारे में जानकारी दी जाएगी।

इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से मेरी लाडो मेरी शान कार्यक्रम के तहत कुआं पूजन कार्यक्रम, बाल विवाह व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर नाटक तथा वन स्टॉप सेंटर व विभाग की अन्य स्कीमों के बारे में जानकारी दी जाएगी। महिला विकास निगम की ओर से महिलाओं को पढ़ाई के लिए सस्ते दर पर मिलने वाले लोन के बारे में जागरूक किया जाएगा। पशुपालन विभाग की ओर से पशुपालकों को मिनी डेयरी, पोल्ट्री, बकरी पालन व गो संवर्धन के बारे में जागरूक किया जाएगा।

बैंकों की तरफ से सरकार प्रायोजित स्कीमों के बारे में व एनआईसी ओर से आधार कार्ड तथा सीएससी सर्विस डेक्स लगाई जाएगी। डीआरडीए की ओर से सोलर एनर्जी पर प्रदर्शनी लगेगी। एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदर्शनी केवल औपचारिकता के लिए ना लगे बल्कि उसे प्रदर्शनी का आमजन को फायदा होना चाहिए। इस मौके पर एसडीएम मनोज कुमार, सिविल सर्जन डा. रमेश चंद्र आर्य, एलडीएम विजय सिंह, महिला एवं बाल विकास विभाग से जिला कार्यक्रम अधिकारी संगीता यादव, डीआईओ हरीश शर्मा मौजूद रहे।



एक शेर की दहाड़ इतनी तेज होती है इसे पांच मील दूर तक सुना जा सकता है।



कुत्तों की आबादी के मामले में अमेरिका पहले नंबर पर आता है इसके बाद दूसरा स्थान फ्रांस का आता है।



# एम फिल कैसे करें और कैसे बनाएं अपना करियर

नालेज

यंगभूमि डेस्क

एम फिल कोर्स के बारे में अधिक विद्यार्थियों को जानकारी नहीं है। इसीलिए आज के इस आर्टिकल में हम आपको एम फिल कोर्स की पूरी जानकारी बताएंगे, जिसके बाद आपको पता चल जाएगा कि एम फिल क्या है। एमफिल कोर्स करने की प्रक्रिया क्या है तथा एम फिल कोर्स में क्या क्या सिखाया जाता है। उसके बाद आप यह तय कर पाएंगे कि एम फिल कोर्स आपको करना चाहिए या नहीं, क्या आप के लिए एम फिल कोर्स बेहतरीन साबित हो सकता है या नहीं। साथ ही आप एम फिल कोर्स के बारे में पूरी जानकारी विस्तार पूर्वक प्राप्त कर लेंगे और एम फिल कोर्स को करने के बाद होने वाले फायदों के बारे में भी जान लेंगे।

## एम फिल की फुल फॉर्म

एम फिल का फुल फॉर्म मास्टर ऑफ फिलॉस्पी होता है और हिंदी में फिलॉस्पी के तहत मास्टर की डिग्री हासिल करना होता है। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि एम.फिल एक पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स है। किसी भी स्ट्रीम जैसे साइंस, कॉमर्स, ह्यूमैनिटीज, लॉ के छात्र टीचिंग कोर्स कर सकते हैं। इस कोर्स को आप 2 साल में पूरा कर सकते हैं। इस कोर्स के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल के साथ-साथ थ्योरी भी पढ़ाई जाती है। जिससे विद्यार्थियों को इस विषय में रुचि आने लगती है और वे आगे के चैप्टर को पढ़ने के लिए उत्सुक रहते हैं बता देते हैं कि इस विषय में रिसर्च भी करनी होती है और उसे प्रकाशित भी करना होता है। एम फिल कोर्स करने के बाद अपने सब्जेक्ट में पीएचडी भी कर सकते हैं।



## एम फिल करने के फायदे

एम फिल कोर्स के अंतर्गत निर्धारित किए गए पाठ्यक्रम को लंबे समय से एक मास्टर डिग्री और पीएचडी कार्यक्रम के बीच एक क्रॉस के रूप में देखा गया है। यह पाठ्यक्रम उम्मीदवारों को विभिन्न प्रकार के निर्माण विभिन्न प्रकार के अनुसंधान की बारीकियों के बारे में ज्ञान देता है। विभिन्न प्रकार के विषय के बारे में छात्रों के मस्तिष्क को प्रशिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस विषय के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के अनुसंधान कौशल को सिखाया जाता है। विभिन्न प्रकार के बड़े पैमाने पर ज्ञान को प्रदर्शित किया जाता है। इसीलिए यह पाठ्यक्रम और यह काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। अगर आप इस परीक्षा को करते हैं तो एक सफल व्यक्ति बन जाते हैं साथ ही आपकी बुद्धि का विकास हो जाता है। एम फिल कोर्स को करने के बाद आप अच्छे वेतन और अन्य विभिन्न प्रकार की सुविधाएं भी प्राप्त कर सकते हैं। बता देते हैं कि एमफिल कोर्स को आप अधिकतम 200000 खर्च करके कर सकते हैं। लेकिन उसके बाद आप प्रतिवर्ष 600000 तक भी आसानी से कमा सकते हैं।

## ऐसे मि

### निर्धारित सब्जेक्ट

एमफिल कोर्स में एक से अधिक विषय हैं। इन अलग-अलग विषयों के आधार पर एमफिल कोर्स को कराया जाता है, जिसमें आपको फिलॉसफी पढ़ाया जाता है इसमें एजुकेशन से लेकर इकोनामिक और मैनेजमेंट से लेकर इंग्लिश तथा साइकोलॉजि भी शामिल है। तो एमफिल कोर्स के लिए निर्धारित किए गए सब्जेक्ट इस प्रकार है —

एम फिल इन साइक्लॉजी
एम फिल इन इकोनोमिक्स
एम फिल इन मैनेजमेंट
एम फिल इन इंग्लिश

### योग्यताएं

आवेदक का किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से बारहवीं कक्षा पास होना चाहिए। आवेदक किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा को किसी भी स्ट्रीम से पास कर सकता है। उम्मीदवार किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री प्राप्त कर सकता है। लेकिन 12वीं कक्षा पास करने के बाद स्नातक की डिग्री का होना आवश्यक है। एमफिल कोर्स करने के लिए स्नातक डिग्री 55% अंक के साथ प्राप्त करनी होगी। इस कोर्स के लिए आवेदन करने वाले आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को 5% की छूट मिल जाती है। नेट, एसईटी या गेट जैसी परीक्षाएं करने के बाद भी न्यूनतम निर्धारित संख्या में कुछ छूट है। बता देना कि इस कोर्स के लिए आवेदन करने की कोई उम्र सीमा निर्धारित नहीं की गई है।

### ऐसी रहेगी आवेदन प्रक्रिया

आवेदन करने के लिए सबसे पहले एक विश्वविद्यालय का चयन करें। अब उस विश्वविद्यालय की ऑफिशियल वेबसाइट पर पहुंचे। ऑफिशल वेबसाइट पर पंजीकरण करके अपना अकाउंट बनाएं। अब वेबसाइट पर दर्शाए गए सभी को समय से अपने कोर्स का चयन करें। अब आपके सामने एक आवेदन फार्म ओपन हो जाएगा। अब इस आवेदन फार्म को सही ढंग से भरे। आवेदन फार्म में पहुंची हुई सभी जरूरी जानकारी जैसे शैक्षणिक योग्यता, नाम, पता, श्रेणी इत्यादि दर्ज करें।

## रोजगार पाने के ढेर सारे अवसर, अपनी पसंद का करियर बनाएं

# आर्ट्स से 12वीं करने के बाद मिलते हैं सरकारी नौकरियों के अनेक अवसर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## टीचिंग और एसएससी में मिलते बड़े अवसर

अगर आप किसी भी प्रकार की सरकारी नौकरी प्राइवेट नौकरी करना चाहते हैं तो उसके लिए 12वीं कक्षा को पास करना अनिवार्य होता है। विद्यार्थियों के लिए सरकारी नौकरी हमेशा ही एक लोकप्रिय विकल्प रहता है। ऐसे में देखा जाए तो 12वीं कक्षा करने के बाद बहुत सारी सरकारी नौकरी होती है जिन्हें हम कर सकते हैं और अपना बेहतर कैरियर बना सकते हैं, लेकिन कई नौकरियां ऐसी होती है जो स्ट्रीम के हिसाब से की जाती है। ऐसे में हम आपको 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए जिन्होंने आर्ट्स के द्वारा 12वीं कक्षा पास की है उनके लिए सरकारी नौकरी के विकल्प लेकर आए हैं।



### असिस्टेंट लोको पायलट

आर्ट्स से 12वीं कक्षा पास करने के बाद सरकारी नौकरी में असिस्टेंट लोको पायलट आता है। यह नौकरी उन लोगों के लिए होती हैं जो लोग 12वीं कक्षा के बाद रेलवे में सरकारी नौकरी करना चाहते हैं।

### असिस्टेंट लोको पायलट बनने के लिए योग्यता

12वीं कक्षा उत्तीर्ण होने अनिवार्य है। उम्मीदवार को मैकेनिक या फिर ऑटोमोबाइल से 2 वर्ष डिप्लोमा प्राप्त करना अनिवार्य है। फिजिकल पूरी तरह से फिट होना जरूरी है। आंखों की रोशनी पूरी तरह से ठीक होनी चाहिए और व्यक्ति को कलर ब्लाइंडनेस की परेशानी ना हो।

### असिस्टेंट लोको पायलट की तनख्वाह

असिस्टेंट लोको पायलट को शुरुआती समय में जो सैलरी मिलती है उसमें वेतन के अलावा उन्हें अन्य भत्ते भी दिए जाते हैं। अगर ओवरटाइम करते हैं तो एडवांस भी दिया जाता है। शुरुआती समय में 35000 तक तनख्वाह होती है।

### पोस्टल असिस्टेंट

12वीं कक्षा आर्ट्स से उत्तीर्ण करने के बाद पोस्टल असिस्टेंट के पद पर भी कार्यरत किया जा सकता है। इसे डाक पोस्ट के नाम से भी जाना जाता है। यह पूरे ऑफिस के काम को मैनेज करता है।

**योग्यता**

- 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
- एसएससी सीएचएसएल की परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है।
- व्यक्ति की आयु 18 से 27 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
- कंप्यूटर के ज्ञान के साथ-साथ पूरी तरह से टाइपिंग भी आनी चाहिए।

**सैलरी**

इस पद पर अगर आप काम करते हैं तो बेसिक सैलरी के साथ-साथ अन्य भत्ते भी दिए जाते हैं। इसमें शुरुआती सैलरी 20000 से 25000 तक होती है।

### रेलवे क्लर्क

12वीं कक्षा आर्ट्स से उत्तीर्ण करने के बाद जो लोग सरकारी नौकरी करना चाहते हैं उनके लिए रेलवे क्लर्क बेस्ट ऑप्शन होता है। रेलवे क्लर्क का काम बहुत ही ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। वह इस बात को सुनिश्चित करता है कि रेलवे यार्ड में वैगन और कोच की कितनी संख्या है। इसके अलावा डॉक्यूमेंट तैयार करने का काम भी रेलवे क्लर्क का होता है।

**योग्यता**

12वीं कक्षा पास होना अनिवार्य है। आरआरबी एनटीपीसी की परीक्षा क्लियर करना अनिवार्य है। उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिएऔर अधिकतम आयु 30 वर्ष होनी चाहिए। एससी और एसटी वर्ग को आयु सीमा में 3 साल से 5 साल तक की छूट दी जाती है।

**सैलरी**

रेलवे क्लर्क पद पर अगर सैलरी की बात की जाए तो शुरुआती महीने में 28000 से लेकर 30000 तक की सैलरी दी जाती है।

### फॉरेस्ट गार्ड

12वीं कक्षा पास करने के बाद आप फॉरेस्ट गार्ड की नौकरी अगर करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको एग्जाम देना होता है। इसमें पास होने वाले विद्यार्थियों को जंगलों की सुरक्षा के लिए उसके पद पर तैनात कर दिया जाता है। अगर आप अपनी प्रकृति से अधिक प्रेम करते हैं तो आप इस तरह की नौकरी कर सकते हैं। इस पद पर आपको 30000 से लेकर 40 हजार रुपए तक की सैलरी दी जाती है।

**रेलवे ग्रुप डी की नौकरी**

रेलवे ग्रुप डी आरआरबी के द्वारा लेवल 1 का एग्जाम होता है जिसे क्लियर करना अनिवार्य होता है। यह रेलवे मंत्रालय के अधीन आता है इसीलिए केंद्रीय सरकार के अंतर्गत ही नौकरी करनी होती है। 12वीं कक्षा किसी भी स्ट्रीम से पास किया हुआ विद्यार्थी इसके लिए आवेदन कर सकता है। इसके लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। वहीं अगर इसकी सैलरी की बात की जाए तो शुरुआती समय में अन्य भत्ते के साथ 22 से 25000 तक की सैलरी होती है।



### गवर्नमेंट टीचर की नौकरी

आज के समय में बहुत सारे विद्यार्थी ऐसे हैं जो 12वीं कक्षा के बाद सरकारी नौकरी में गवर्नमेंट टीचर की नौकरी प्राप्त करना चाहते हैं। हालांकि सरकारी टीचर बनना बहुत ही ज्यादा मुश्किल होता है। इसके लिए सबसे पहले ट्रेनिंग कोर्स करना होता है इसके बाद कई एग्जाम देने के बाद सरकारी टीचर बन सकते हैं।

**योग्यता**

- 12वीं पास करना अनिवार्य है।
- विद्यार्थी को टीचर ट्रेनिंग का कोर्स किया होना चाहिए।
- टीचर एलिजिबिलिटी एग्जाम पास करना अनिवार्य है।
- विद्यार्थी को कंप्यूटर की जानकारी होना भी अनिवार्य है।

**सैलरी**

एक सरकारी टीचर की सैलरी उसके ऊपर निर्भर करती है कि उसका पद क्या है। अगर शुरुआती समय में गवर्नमेंट टीचर की सैलरी बात की जाए तो यह 20000 से लेकर 40000 तक होती है। उसके बाद अनुभव के साथ-साथ सैलरी बढ़ती जाती है। हमने कुछ नौकरी के बारे में आपको विस्तार पूर्वक बताया है लेकिन इस 12वीं कक्षा आर्ट्स के द्वारा पास करने के बाद आपके पास बहुत सारे विकल्प ऐसे होते हैं जिनका इस्तेमाल करके आप सरकारी नौकरी प्राप्त कर सकते हैं। हम आपको कुछ अन्य विकल्प के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।

### एसएससी जीडी में नौकरी

कर्मचारी आयोग प्रत्येक वर्ष एसएससी जीडी परीक्षा को आयोजित करता है इसके जरिए विभिन्न विभाग में कांस्टेबल के पद पर भारती की जाती है जो व्यक्ति कांस्टेबल के रूप में नौकरी पाना चाहते हैं उनके लिए यह बेहतर ऑप्शन होता है इसमें निम्नलिखित ऑप्शन होते हैं।

- बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स
- सशस्त्र सीमा बल
- सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स
- इंडो तिब्बतन बॉर्डर पुलिस
- नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो में सिपाही
- सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स
- सेक्रेटेरिएट सिक्योरिटी फ़ोर्स
- राइफलमैन इन असम राइफल्स

इसके लिए छात्र दसवीं पास करने के बाद भी इस परीक्षा को दे सकता है। अन्यथा 12वीं पास करने के बाद भी परीक्षा दी जा सकती है। इसके लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 23 वर्ष होनी चाहिए। आरक्षित विद्यार्थियों को अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाती है।

### 12वीं कक्षा आर्ट्स करने के बाद क्या करें

12वीं कक्षा आर्ट्स उत्तीर्ण करने के बाद आप अपनी इच्छा के अनुसार अपने करियर का चुनाव कर सकते हैं। अगर आपको वर्दी पहनने का शौक है तो आप सेना या अर्ध सैनिक बल में जाकर देश की सेवा कर सकते हैं या फिर आप स्टेट पुलिस के लिए भी अप्लाई कर सकते हैं। इसी के साथ-साथ आप रेलवे में नौकरी अगर प्राप्त करना चाहते हैं तो उसके लिए ग्रुप डी के साथ-साथ कांस्टेबल की तैयारी भी कर सकते हैं। अगर आप चाहते हैं कि आप इस प्रकार की नौकरी करें जहां पर शारीरिक परिश्रम ना करना पड़े केवल ऑफिस का काम हो तो इसके लिए आप गवर्नमेंट विभाग में आने वाली एलडीसी भर्ती की तैयारी भी कर सकते हैं।

# क्षमताओं को ध्यान में रखकर ही अपने करियर का चयन करें छात्र



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

पॉजिटिव सोच एक शक्तिशाली और महत्वपूर्ण मानव गुण है जो किसी भी क्षेत्र में सफलता की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जब कोई छात्र अपने करियर का चयन करने के लिए कदम रखता है, तो उसे अपने लक्ष्यों को अपनी क्षमताओं के साथ मेल करना चाहिए। यह सोचना कि मैं क्या कर सकता हूं, बहुत ही महत्वपूर्ण है। व्यक्ति को अपनी क्षमताओं को समझना और स्वीकार करना चाहिए, ताकि उसे वह कार्य मिले जिसमें उसका रुचि हो और जिसमें उसमें समर्थ होने की क्षमता हो। एक छात्र को अपने लक्ष्यों की दिशा में सकारात्मक सोचने से उसे आत्म-समर्थन मिलता है। यह सोच उसे निरंतर उत्साही और संबोधित करती है, जिससे उसकी कार्यक्षमता में सुधार होता है।

## उपयुक्त स्त्रोतों का सही उपयोग करना जरूरी

किसी भी करियर का चयन करना एक महत्वपूर्ण निर्णय है, इसलिए छात्र को अपनी रुचियों, रूचिओं, और रूचिओं को ध्यान में रखकर निर्णय लेना चाहिए। समर्थन और मार्गदर्शन के लिए उपयुक्त स्रोतों का सही से उपयोग करना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षकों, परिवार के सदस्यों, और पेशेवरों से सहायता प्राप्त करना छात्र को सही दिशा में मार्गदर्शन करने में मदद कर सकता है। कई बार, छात्र अपने आत्मविश्वास को खो बैठते हैं या डर के कारण सही निर्णय नहीं ले पाते हैं। इस स्थिति में, सकारात्मक सोच एक महत्वपूर्ण साथी बन सकती है जो छात्र को उत्साहित करती है और उसे सही मार्ग पर ले जाने में सहायक होती है। यदि छात्र अपनी क्षमताओं को सही तरीके से पहचान लेता है और उन्हें विकसित करता है, तो उसका करियर समृद्धि और संवृद्धि की ऊँचाइयों तक पहुँच सकता है। सही मार्ग का चयन करने से छात्र को विभिन्न क्षेत्रों में नए और चुनौतीपूर्ण कार्यों का सामना करने का अवसर मिलता है जिससे उसका व्यक्तिगत और पेशेवर विकास होता है। समाप्त करते समय, यह आवश्यक है कि छात्र अपने लक्ष्यों के प्रति प्रतछात्र को समाप्त करते समय यह आवश्यक है कि वह अपने लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहे और उन्हें हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध रहे। इसमें आत्म-मोटिवेशन, समर्पण, और संघर्ष की भावना समाहित होनी चाहिए। छात्र को अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए एक निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। आत्म-मोटिवेशन की आवश्यकता है ताकि वह अपने क्षमताओं और प्रतिबद्धता के साथ कठिनाइयों का सामना कर सके और हासिल करने के लिए समर्पित रह सके। विफलता का सामना करना स्वाभाविक है, लेकिन इससे हार नहीं मानना चाहिए। संघर्ष एक अविभाज्य हिस्सा है जो सफलता की दिशा में बढ़ने में मदद करता है। लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए समर्पण एक अनिवार्य गुण है। छात्र को अपने काम में पूरी तरह से समर्पित रहना चाहिए ताकि उसकी मेहनत में अंत में सफलता मिले।

## आत्म मूल्यांकन जरूरी

समाप्ति के समय, छात्र को आत्म-मूल्यांकन करना चाहिए ताकि वह अपनी साकारात्मकता को बनाए रख सके और अगले कदमों के लिए तैयार रहे। अच्छे लक्ष्यों की प्राप्ति में सकारात्मक सोच और आत्म-मोटिवेशन निरंतर सहायक होते हैं। छात्र को हमेशा याद रखना चाहिए कि उसकी सक्सेस की चाबी उसकी सोच और क्रियाओं में छुपी होती है।क्रियाओं में छुपी होती है। आत्म-मोटिवेशन छात्र को उत्साहित रखने में मदद करता है, जिससे उसकी क्षमताएं और स्वाभाविक प्रतिबद्धता बढ़ती हैं। सकारात्मक सोच उसे आत्म-सुधार की दिशा में प्रेरित करती है और उसे कठिनाइयों का सामना करने की ताकत प्रदान करती है। छात्र को हमेशा याद रखना चाहिए कि सफलता एक प्रक्रिया है, और इसमें समर्पण और स्थिरता की आवश्यकता होती है। लक्ष्यों की प्राप्ति में आत्म-नियंत्रण और सहानुभूति बनाए रखना भी महत्वपूर्ण है। आत्म-मोटिवेशन के माध्यम से, छात्र अपनी सक्सेस की ऊंचाइयों तक पहुँचने के लिए अपनी सीमाएं बढ़ा सकता है। इससे उसमें आत्म-विश्वास बना रहता है और वह अपनी सीमाओं को पार करने के लिए तैयार होता है। सकारात्मक सोच छात्र को आत्म-प्रेरणा प्रदान करती है जिससे उसमें संघर्ष की भावना बनी रहती है। छात्र को यह याद रखना चाहिए कि हर कदम एक नया सिखने का अवसर होता है और हर चुनौती एक मौका है अपनी क्षमताओं को साबित करने का। अच्छे लक्ष्यों की प्राप्ति में सकारात्मक सोच और आत्म-मोटिवेशन छात्र को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मदद करते हैं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** भारत में सबसे ऊंचा जलप्रपात कौन - सा है ?
(ए) शिमसा जलप्रपात
(बी) होगेनक्कल जलप्रपात
(सी) कोर्टास्लम जलप्रपात
(डी) जोग जलप्रपात

**2.** विश्वविख्यात जोग या गरसोप्पा जलप्रपात किस राज्य में स्थित है ?
(ए) कर्नाटक
(बी) महाराष्ट्र
(सी) आ. प्र.
(डी) केरल

**3.** जोग या गरसोप्पा जलप्रपात का नया नाम क्या है ?
(ए) सरदार पटेल जलप्रपात
(बी) महात्मा गांधी जलप्रपात
(सी) जवाहरलाल नेहरु जलप्रपात
(डी) इंदिरा गांधी जलप्रपात

**4.** जोग जलप्रपात किस नदी पर स्थित है ?
(ए) शरावती
(बी) कावेरी
(सी) नर्मदा
(डी) चम्बल

**5.** धुआंधार जलप्रपात किस नदी पर स्थित है ?
(ए) नर्मदा
(बी) तापी
(सी) इन्द्रावती
(डी) चम्बल

**6.** कपिल धारा जलप्रपात किस नदी पर स्थित है ?
(ए) तापी
(बी) शरावती
(सी) नर्मदा
(डी) इन्द्रावती

**7.** शिवसमुद्रम जलप्रपात किस नदी पर स्थित है ?
(ए) नर्मदा नदी
(बी) कृष्णा नदी
(सी) गोदावरी नदी
(डी) कावेरी नदी

**8.** गोकक जलप्रपात किस नदी पर स्थित है ?
(ए) कावेरी
(बी) ताम्रपर्णी
(सी) शरावती

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(सी) 7.(डी) 8.(डी)

# स्कूलों में हेल्थ एंड वैलनेस का नया सेटअप होगा शुरू, स्वास्थ्य की चिंता से मुक्त होंगे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

जिले के सरकारी स्कूलों में जल्द ही हेल्थ एंड वैलनेस का नया सेटअप शुरू होने वाला है। शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय ने संयुक्त रूप से आयुष्मान भारत के तहत स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम की शुरूआत की है। इस सेटअप के अनुसार एंबेसडर और मैसेंजर की भूमिका स्कूलों में देखने को मिलेगी। कक्षा छठी से 12वीं तक के छात्रों को अभियान में शामिल किया जाएगा। स्कूल में छात्र के बीमार होने पर मैसेंजर एंबेसडर को सूचित करेंगा। चिकित्सा विभाग और शिक्षा विभाग हरियाणा की साझेदारी में स्कूलों के लिए 11 बिंदुओं पर पाठ्यक्रम को नया रूप दिया गया है।

### इन बिंदुओं पर रहेगा फोकस

आयुष्मान भारत के तहत स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम में 11 बिंदुओं पर अभियान का फोकस रहेगा। पाठ्यक्रम में स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना, प्रजनन, स्वास्थ्य एवं एचआईवी की रोकथाम, पोषण स्वास्थ्य और स्वच्छता, पदार्थ के दुरुपयोग की रोकथाम और प्रबंधन, भावनात्मक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य, पारस्परिक संबंध में स्वास्थ्य बढ़ाना, जेंडर समानता, चोटों से सुरक्षा, इंटरनेट और सोशल मीडिया से सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देना प्रमुख बिंदु शामिल हैं। प्रत्येक स्कूल के अंदर दो शिक्षकों को हेल्प एंबेसडर बनाया गया है। छात्र के बीमार पड़ने की जानकारी मैसेंजर एंबेसडर यानी शिक्षक को देंगे ताकि बच्चों को अच्छा इलाज मिल सके। फिलहाल जिले के 150 स्कूलों के शिक्षकों को नागरिक अस्पताल नारनौल में ट्रेनिंग दी जा रही है।

### आयोजित होंगी यह गतिविधियां

स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत प्रत्येक विद्यालय से दो शिक्षकों (एक महिला व एक पुरूष) को हेल्थ एंड वेलनेस एंबेस्डर बनाया गया है। इन्हें स्वास्थ्य व्यवहार को बढ़ावा देने और रोगों के रोकथाम के लिए प्रशिक्षित भी किया जा रहा है। हेल्थ एंड वेलनेस एंबेस्डर हर हफ्ते एक घंटा रोचक गतिविधियों के माध्यम से सत्र आयोजित करेंगे। प्रत्येक कक्षा से दो नामित छात्र स्वास्थ्य सम्बंधित संदेशों को समाज तक पहुंचाने के लिए हेल्थ एंड वेलनेस मैसेंजर के रूप में कार्य करेंगे। विद्यालय में प्रत्येक बुधवार को हेल्थ एंड वेलनेस-डे का आयोजन किया जाएगा।

### दी जाएगी आयरन की गोली

एनिमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत बच्चों को एनिमिया या इससे होने वाली समस्याओं से बचाने के लिए साप्ताहिक आयरन फॉलिक एसिड अनुपूरण कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। प्राथमिक विद्यालयों में पांव से नौ वर्ष के बच्चों को सप्ताह में एक बार (बुधवार), मध्याह्न भोजन के उपरांत शिक्षकों के द्वारा आयरन की गुलाबी गोली का सेवन कराना सुनिश्चित किया जाएगा। माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में 10 से 19 वर्ष के किशोर-किशोरियों को सप्ताह में एक बार सुबह प्रार्थना के बाद शिक्षकों के द्वारा आयारन की नीली गोली का सेवन कराया जाएगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस योजना के तहत विद्यालय के सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के छह से 18 वर्ष तक बच्चों को लक्षित किया गया है।

### यह कहते हैं विशेषज्ञ


मुख्य प्रशिक्षक सूर्यकांत यादव।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक सूर्यकांत यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से मुक्त करना है। स्कूलों में बच्चों को स्वास्थ्य और पोषण के बारे में उचित जानकारी प्रदान करना। बच्चों के बीच स्वास्थ्य व्यवहार को बढ़ावा देना। कुपोषित और एनिमिया से पीड़ित बच्चों की पहचान करना तथा बच्चों व किशोरों में रोगों का जल्द पता लगाना, उनका इलाज करना। स्कूलों में सुरक्षित पेयजल के उपयोग को बढ़ावा देना। स्वास्थ्य और कल्याण के माध्यम से योग तथा ध्यान को बढ़ावा देना है।

## खबर संक्षेप


नारनौल। छापड़ा सलीमपुर की मनीषा को नगदी व आभूषणों समेत पर्स लौटाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### पर्स लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय

**नारनौल।** गांव छापड़ा सलीमपुर में सिंहराज सरपंच प्रतिनिधि व नीरज कुमार शर्मा को राष्ट्रीय राजमार्ग 152-डी सुराणा पुल के पास नीचे नारनौल से आते समय एक पर्स पड़ा मिला। देखने पर उसे पर्स में नगद रुपये और आभूषण मिले। व्हाट्सएप के माध्यम से सभी ग्रुपों में शेयर किया गया। मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल एवं संस्कृत अहीरवाल के सदस्य मास्टर ओमप्रकाश खनगवाल ने बताया कि इसके मालिक का पता लगने पर मनीषा पत्नी प्रमोद कटारिया गांव सलीमपुर तुर्कीयावास को 2620 रुपये नगद राशि, एक सोने व चांदी की पातड़ी सम्मान सहित लौटाई गई।


महेंद्रगढ़। यादव धर्मशाला में बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### भूतपूर्व सैनिक विकास संघ की मासिक बैठक

**महेंद्रगढ़।** यादव धर्मशाला के मुख्य सभागार में भूतपूर्व सैनिक विकास संघ अध्यक्ष डॉ. मेजर सूरत सिंह यादव के दिशा-निर्देश पर भूतपूर्व सैनिक विकास संघ की मासिक बैठक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सुबेदार रामस्वरूप यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उपाध्यक्ष कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया कि मासिक बैठक में संगठन के चुनाव के बारे में विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

### पोषण ट्रैकर एप पर डाटा अपलोड करने की समीक्षा

**नारनौल।** पोषण अभियान स्कीम के संबंध में नगराधीश डा. मंगल सेन ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में पोषण ट्रैकर एप पर डाटा अपलोड करने के बारे में महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी व सुपरवाइजर के साथ समीक्षा बैठक की।

### अटेली को उपमंडल नहीं बनाने पर विरोध प्रदर्शन

**मंडी अटेली।** अटेली को उपमंडल बनाने में की जा रही देरी के विरोध में बसपा द्वारा रामपुरा-नावदी गांव में विरोध प्रदर्शन किया गया। अतरलाल एडवोकेट के साथ विरोध प्रदर्शन में सैंकड़ों ग्रामीणों, महिलाओं, युवा तथा पूर्व सैनिकों ने भाग लेकर राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

### नेत्रहीन स्कूल में मनाया राजस्थान सीएम का जन्मदिन

**नारनौल।** राजस्थान के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के जन्मदिन पर अखिल भारतीय परशुराम वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रमुख व्यापारी नेता किशन वशिष्ठ ने नेत्रहीन कन्या विद्यालय में नेत्रहीन कन्याओं को फल एवं मिठाइयां वितरित करते हुए खुशी का इजहार किया।

### मंदिर के उद्घाटन पर एक लाख दीपक जलाएं जाएंगे

**महेंद्रगढ़।** चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क में 22 जनवरी को एक लाख दीपों का दीपोत्सव होगा। इसमें मास्टर कॉलोनी से 5100 दीपक जलाए जाएंगे। शुक्रवार को कॉलोनी के मंदिर में कॉलोनी निवासी महिलाओं की एक बैठक पार्षद सरिता राठी, मंजू चौधरी, कृष्ण यादव, गीता, भावना राठी, सीमा, आशा, रामकला मौजूद रही।

### एनडीआरएफ ने किया बागेश्वर धाम का निरीक्षण

**कनीना।** एनडीआरएफ की टीम ने बागेश्वर धाम का निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों से बात कर उनको आपदा बचाव के बारे में जानकारी दी। जानकारी देते हुए टीम के इंस्पेक्टर अंकित यादव ने बताया कि टीम 16 दिसंबर तक जिले के विभिन्न गांव में जाकर एरिया फैमिली लाइजेशन एक्सरसाइज के लिए कार्य कर रही।

## अक्टूबर 2022 व अप्रैल 2023 की वार्ता में मांगों पर बनी सहमति पत्र जारी करने की मांग

# नगर पालिका सफाई और फायर कर्मी दूसरे दिन भी रहे हड़ताल पर, जगह-जगह कूड़े का ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नगर पालिका कार्यालय में सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित नगर पालिका कर्मचारी संघ के सफाई कर्मचारी व फायरकर्मी शुक्रवार को भी हड़ताल पर रहे। अपनी मांगों को लेकर कर्मचारियों ने सरकार के प्रति नारेबाती कर रोष प्रकट किया। शुक्रवार को धरने की अध्यक्षता सफाई यूनियन प्रधान पूर्ण कुमार ने की। वहीं दूसरी तरफ सफाई कर्मचारी दो दिन से हड़ताल पर होने से शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लग गए। कर्मचारियों की हड़ताल के कारण शहर में सफाई व्यवस्था का काम पूरी तरह ठप्प रहा। प्रधान पूर्ण कुमार ने कहा कि नगर पालिका कर्मचारी संघ अपनी न्याय उचित मांगों को लेकर लगातार आंदोलनरत है। इससे पहले भी लगातार निकाय मंत्री व सीएम के मुख्य सचिव की अध्यक्षता मीटिंग हुई। 29 अक्टूबर 2022 व पांच अप्रैल 2023 को दो दौर की वार्ता में लगभग सभी मांगों पर मंत्री ने जल्द ही पत्र जारी करने का विश्वास दिलाया था। कुछ पत्र जारी तो हुए हैं लेकिन समझौते से विपरीत तोड़-मरोड़ के पत्र जारी किए गए हैं, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने बताया कि सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों व तानाशाही के चलते मजबूरी में कर्मचारियों को पेन डाउन टूल डाउन हड़ताल करनी पड़ी है।



- पेन व टूल डाउन करने के लिए सरकार को ठहराया जिम्मेदार

महेंद्रगढ़। अपनी मांगों को लेकर सरकार के प्रति नारेबाजी करते सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर

कर्मचारियों की हड़ताल के कारण शहर में सफाई व्यवस्था का काम पूरी तरह ठप्प हो गया है। कर्मचरियों की दो दिन की हड़ताल से शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लग गए है। शहर में महिला आईटीआई के पास, मौहल्ला सैनीपुरा में सैनी सभा के पास, संतोषी देवी माता मंदिर के पास, चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क के पास, सीएसडी कैंटीन के सामने, सिनेमा रोड, रेलवे रोड, डुलाना रोड, मौहल्ला वाल्मीकि सहित शहर के अनेक हिस्सों में कूड़े के ढेर लग गए है।

**ये हैं कर्मचारियों की मांग:** कर्मचारियों ने सरकार से रेगुलाइजेशन की नीति बनाने, सभी प्रकार के ठेकों एवं हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग करने, अग्निशमन विभाग के 1327 ड्राइवर व फायरमैनों को सृजित पदों फायर ऑपरेटर कम ड्राइवर के पदों पर समायोजित कर पक्का करने, अग्निशमन विभाग को शहरी स्थान ने निकाय विभाग में शामिल करने, अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों को दिए गए वर्दी भत्ते में किए गए भेदभाव को दूर करते हुए अन्य कर्मचारी के समान वर्दी भत्ता व धुलाई भत्ता देने, गुरुग्राम के 3480 छंटनी ग्रस्त सफाई कर्मचारियों सहित पालिकाओं, परिषदों, निगमों एवं अग्निशमन के लगभग 5 हजार कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापस लेने, पुरानी पेंशन बहाल करने, 29 अक्टूबर 2022 व 5 अप्रैल 2023 के समझौतों को लागू करने, सभी वर्गों की वेतन विसंगतियां ठीक करने तथा आरक्षित श्रेणियां का बैकलॉग पूरा करने की मांग की। इस मौके पर प्रधान पूर्ण कुमार, सतीश कुमार, विकास कुमार, धीरज, सन्नी, शम्मी, अन्नू, दीपक, विकास, रामपाल, सुषमा, सुमन, राहुल, निर्मला, कविता, रोहित, संतोष देवी, राजेश,पूजा देवी, राजू, धनश्याम, कृष्णा देवी, आरती देवी, नसीब, दीपक कुमार, सोनू कुमार, आशा देवी, कमलेश देवी आदि मौजूद रहे।


नारनौल। मांगों को लेकर धरना देते नगर परिषद के सफाई कर्मचारी।

### दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे नप के सफाई कर्मचारी

**नारनौल।** नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर नगर परिषद के कर्मचारियों की दूसरे दिन भी हड़ताल रही। हड़ताल में नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों के साथ-साथ दूसरे कर्मचारियों ने भी भाग लिया। हड़ताल के कारण शहर में दूसरे दिन भी सफाई नहीं हो पाई और इस कारण कई जगहों के हालात बुरे रहे। कर्मचारियों ने टूल डाउन पेन डाउन हड़ताल कर धरना आयोजित किया, जिसमें सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। धरने की अध्यक्षता इकाई प्रधान सुरेश कुमार जैदिया ने की। इसके साथ ही यह हड़ताल समाप्त हो गई। पालिका संघ के राज्य कैशियर महेंद्र सिंह संगेलिया ने कहा कि सरकार से कर्मचारियों की जिन मांगों पर सहमति बनी हुई है, उन मांगों को लागू करने का आदेश पत्र जारी किया जाए। गुरुग्राम नगर निगम में छंटनी किए गए 3480 कर्मचारियों को नौकरी पर वापस लिया जाए। उन्होंने रोष भरे लहजे में कहा कि सरकार की तानाशाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार को चाहिए कि वह कर्मचारियों की मांगों को अविलंब पूरा करे और गुरुग्राम से जिन कर्मचारियों को नौकरी से हटा दिया गया है, उन्हें ड्यूटी पर वापस ले। इस मौके पर सचिव महावीर प्रसाद, जिला प्रधान राहुल सारवाण, सर्व कर्मचारी संघ राज्य सचिव महेंद्र बोयत, जिला प्रधान कौशल यादव, रोशन, विक्रम, मनोज, दीपक, दौलत, विक्की, कमल, राजेश, कृष्ण, राजूराम, सुभाष चंद, आशु, रजनीश, नरेंद्र, निरंजन लाल, भीम व विजय कुमार उपस्थित रहे।


महेंद्रगढ़। ग्रामीणों की बैठक लेते एसएचओ देवेंद्र कुमार। फोटो : हरिभूमि

### थाना प्रभारी ने ग्रामीणों की ली बैठक, ठीकरी पहरा देने का आह्वान

**महेंद्रगढ़।** गांव कोथल खुर्द में शुक्रवार को थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने ग्रामीणों की बैठक ली। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से कहा कि किसी भी प्रकार की अगर समस्या हो तो उन्हें सूचित करें, हरसंभव सहायता दी जाएगी। थाना प्रभारी ने ठीकरी पहरा लगाने की व्यवस्था पर चर्चा की। इस दौरान ग्रामीणों ने थाना प्रभारी के समक्ष अपनी समस्याएं रखी, जिस पर उन्होंने जल्द ही नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी देवेंद्र ने लोगों को आश्वासन दिया कि पुलिस एक कॉल पर मौके पर पहुंचेगी और हालातों के मुताबिक कार्रवाई करेगी। अवैध शराब, नशीले पदार्थों का कारोबार करने वाले अपराधियों से सख्ती से निपटेगी। थाना प्रभारी ने कहा कि गांव में संदिग्ध लोग दिखाई देने पर उनसे जानकारी लें और अगर इसमें वह शख्स आनाकानी करे, तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेगी। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को यातायात नियमों की पालना करने के प्रति भी जागरूक किया और अपील की कि अवैध कारोबार, नशा तस्करों की सूचना पुलिस को दें।

# 2024 के बदलाव की इबारत लिखेगी आप की प्रदेश यात्राएं: अनुराग ढांडा

- अहीरवाल के साथ हमेशा दूसरी पार्टियों ने किया धोखा : डॉ. मनीष यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा में आम आदमी पार्टी की प्रदेश स्तरीय बदलाव यात्रा शुक्रवार को शुरू हुई। इस बदलाव यात्रा का आगाज महेंद्रगढ़ से आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने हवन के साथ किया। इस दौरान यूथ विंग प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष यादव, रविंद्र मटरू, सत्यनारायण यादव, धनराज कुंडु, गीता श्योराण, जगवीर हुड्डा, बिजेंद्र हुड्डा, महेंद्र राता, समेत अन्य नेता मौजूद रहे। यह बदलाव यात्रा गइब हरियाणा के लाल नै, एक मौका केजरीवाल नैग के नारे के साथ प्रदेश की 90 विधानसभाओं में निकाली जाएगी। 24 दिसंबर तक आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में बदलाव का संदेश देने का काम करेंगे। हरियाणा बहुत बड़े बदलाव के कगार पर खड़ा है। हरियाणा के लोग सिर्फ सत्ता में बदलाव नहीं, व्यवस्था में बदलाव चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा, कांग्रेस और इनेलो को कुचक्र चला आ रहा है। पिछले 9 साल में कांग्रेस ने विधानसभा में जनता का एक भी मुद्दा नहीं उठाया।


महेंद्रगढ़। बाजार में यात्रा निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने कहा कि पहले जितनी भी यात्राएं निकली उसे हरियाणा को कुछ नहीं मिला। यदि राहुल गांधी की यात्रा की बात करें तो कांग्रेस ने हरियाणा पर 25 साल राज किया लेकिन बदला कुछ नहीं। पिछले 9 साल से प्रदेश की जनता त्रस्त है अब यात्रा निकालकर क्या बदलना चाहते हैं। 2014 में घोषित हुई एम्स की 9 साल बीतने के बाद भी नींव की ईंट भी नहीं रखी गई है। इसके साथ चाहे रेवाड़ी और या महेंद्रगढ़ जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए भी जूझना पड़ता है। आम आदमी पार्टी ही दक्षिणी हरियाणा का विकास कर सकती है। जिस प्रकार आम आदमी पार्टी को जनसमर्थन मिल रहा है। प्रदेश में 2024 में आम आदमी पार्टी पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी।

# मतदाधिकार का करें प्रयोग, जागरूकता वाहन रवाना

- यह वैन चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक गांव में जाकर आमजन को करेगी जागरूक : एसडीएम मनोज कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा मुख्य निर्वाचन अधिकारी के दिशा निर्देशानुसार आमजन को मत डालने के बारे में जागरूक करने के लिए शुक्रवार को एसडीएम एवं निर्वाचक पंजीयन अधिकारी मनोज कुमार ने लघु सचिवालय से जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर एसडीएम एवं निर्वाचक पंजीयन अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि यह वैन जिले के चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक गांव में जाकर आमजन को मत डालने संबंधी प्रक्रिया के बारे में जागरूक करेगी। उन्होंने बताया कि यह जागरूकता वैन 11 से 28 दिसंबर तक नारनौल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक गांव में जाकर मास्टर ट्रेनरों द्वारा आमजन को अपने मत का प्रयोग करने संबंधी प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया जाएगा। इसी प्रकार 29 दिसंबर से 18 जनवरी-2024 तक नांगल चौधरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, 19 जनवरी से 11 फरवरी तक अटेली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र तथा 12 फरवरी से आठ मार्च-2024 तक महेंद्रगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक गांव में जाकर आमजन को मत का प्रयोग करने संबंधी प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया जाएगा। इसके अतिरिक्त आम जनता को जागरूक करने के लिए प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में एक-एक ईवीएम प्रदर्शन केंद्र बनाया जा रहा है। इस मौके पर निर्वाचन नायब तहसीलदार विनोद तंवर, सहायक नीरज कुमार, निर्वाचन कानूनगो राकेश कुमार व निर्वाचन कानूनगो पूनम मौजूद रही।


नारनौल। जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एसडीएम अधिकारी मनोज कुमार। फोटो : हरिभूमि

### आप की बदलाव यात्रा अटेली क्षेत्र में पहुंची, स्वागत

**मंडी अटेली।** आम आदमी पार्टी की वीरवार से शुरू हुई पार्टी की बदलाव यात्रा अटेली क्षेत्र पहुंची। यात्रा में प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा की अगुवाई में अटेली विधानसभा के गांव सुंदरह, भोजावास, कारिया हाते हुए अटेली पार्टी कार्यालय पर पहुंची। पुराना बस स्टैंड होते हुए मुख्य बाजार से गुजर कर पार्टी की नीतियों के बारे में आमजन का जागरूक किया। पार्टी के जिला अध्यक्ष महेंद्र राता के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर जोरदार स्वागत अभिनंदन किया। जेसीबी में फूलों से व पार्टी के नारे लगा कर स्वागत किया। प्रमुख नारों में ईब हरियाणा के लाल ने, एक मौका केजरीवाल ने के नारो से कार्यकर्ताओं में जोश भरा।


मंडी अटेली। आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा पहुंचने पर स्वागत करते हुए।

# मटका दौड़ में कमलेश फिर बनी विजेता, 10 वर्षों से नहीं हारी

- महिला एवं बाल विकास विभाग की खंड स्तरीय प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली



महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से खंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन खेलों में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान 100 मीटर दौड़, 300 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, मटका दौड़, साइकिल रेस, आलू-चम्मच रेस आदि विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग के लिए तीन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें पांच किलोमीटर साइकिल दौड़, 300 मीटर दौड़ व 400 मीटर दौड़ शामिल थी। तथा 31 से 45 वर्ष आयु वर्ग के लिए भी तीन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें 100 मीटर दौड़, मटका दौड़ व आलू चम्मच दौड़ शामिल थी। 100 मीटर मटका दौड़ प्रतियोगिता में गांव बजाड की कमलेश ने प्रथम स्थान हासिल किया। कमलेश पिछले 10 वर्षों से लगातार मटका दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर रही है। उनका उद्देश्य बेटियों को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित करना है, ताकि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन कर सकें।

## मांगों को लेकर 20 दिसंबर तक जारी रहेगा विरोध प्रदर्शन

# नर्सिंग एसोसिएशन ने सीएमओ को सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नर्सिंग वैलफेयर एसोसिएशन की सरकार ने मांग नहीं मानी। इसी विरोध में सरकारी अस्पताल में कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर्स ने शुक्रवार को काले रिबन बांधकर ड्यूटी दी। इस तरह का विरोध लगातार पांच दिन 20 दिसंबर तक जारी रहेगा। इस दौरान एसोसिएशन की जिला प्रधान सुशीला कौशिक के नेतृत्व में सिविल सर्जन डा. रमेश चंद्र आर्य को एक ज्ञापन भी सौंपा गया। इस अवसर पर जिला प्रधान सुशीला कौशिक ने बताया कि हरियाणा प्रदेश के सभी मेडिकल कालेजिज व महानिदेशालय स्वास्थ्य विभाग के तहत कार्यरत नर्सिंग अमले के द्वारा मांगें उठाई जा रही हैं, जिनमें केंद्र की तर्ज पर 7200 रुपये नर्सिंग भत्ता देने की मांग प्रमुख रूप से शामिल हैं। उन्होंने बताया कि नर्सिंग अधिकारी के पद को ग्रुप सी से ग्रुप बी में शामिल करके राजपत्रित घोषित करने एवं जल्द से जल्द नर्सिंग ड्यूटी प्रोटोकॉल तैयार किया जाए, ताकि नर्सिंग कैडर का शोषण रोका जा सके। पांच नाइट डयूटी के बाद एक अतिरिक्त ऑफ दिए जाने, नर्सिंग डायरेक्टर के पद पर योग्यता के आधार पर नर्सिंग कैडर से एमएस नर्सिंग कैंडिडेट को नियुक्त दी जाए। अन्य स्थानीय समस्याओं के समाधान बारे काफी लंबे समय से संबंधित अधिकारियों से लेकर स्वास्थ्य मंत्री हरियाणा सरकार तक बार-बार अवगत करवाने पर भी केवल कोरे आश्वासनों के इलावा कोई कार्यवाही अमल में न लाएं जाने से नाराज होकर गत 11 दिसंबर को रोहतक में सभी संगठनों ने एक संयुक्त बैठक आयोजित करके सामूहिक निर्णय लेते हुए चरणबद्ध तरीके से विरोध प्रदर्शन करते आ रहे हैं।



- नर्सिंग भत्ता 7200 रुपये देने की मांग

नारनौल। सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपती नर्सिंग। फोटो : हरिभूमि

### काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

इसी कड़ी में काले रिबन यानि पट्टी बांधकर शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया गया तथा हरियाणा नर्सिंग वैलफेयर एसोसिएशन की जिला प्रधान सुशीला कौशिक के नेतृत्व में सिविल सर्जन डा. रमेश चंद्र आर्य को एक ज्ञापन सौंपा गया तथा उनसे मांगों को लागू करने का अनुरोध किया। इस पर सिविल सर्जन ने उन्हें उनका ज्ञापन उच्चाधिकारियों तक प्रेषित करने का आश्वासन दिया। यह विरोध 20 दिसंबर तक निरंतर जारी रहेगा। इस मौके पर जिला सचिव कृष्ण कुमार, उपप्रधान कमला नेहरा, कोषाध्यक्ष आशी कुमार, राज्य प्रतिनिधि दिलावर सिंह, लीला यादव, किरण, सरोज, राजेश कुमार, राजवीर सिंह, संतोष कुमार सहित एसोसिएशन सदस्य मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## खबर संक्षेप

### विश्व हिंदू परिषद की बैठक आयोजित

**कनीना।** बाबा मोलडनाथ आश्रम परिसर में विश्व हिन्दू परिषद व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की समन्वयक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड संयोजक लखनलाल जांगड़ा ने की। जिसमें श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को आमंत्रण हेतु जिम्मेवारियां तय की गई।

### हेल्थ सेंटर में ट्रेनिंग कैंप आयोजित किया गया

**महेंद्रगढ़।** हेल्थ वेलनेस सेंटर बुचौली में मल्टी स्किल ट्रेनिंग कैंप आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर पूनम रैबारी और प्रदीप कुमार ने ट्रेनर की भूमिका अदा की। इस कैंप में गांव बुचौली की सरपंच अलका यादव अतिथि के रूप में उपस्थित रही।

### श्रीराम कथा के शुभारंभ पर निकाली कलश यात्रा

**नारनौल।** हुडा सेक्टर एक स्थित चमत्कारी हनुमान जी मंदिर से महिला मंडल की ओर से आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के शुभारंभ पर कलश यात्रा निकाली। जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने हिस्सा लिया। कथा का शुभारंभ वृंदावन धाम से पधारे जय कृष्ण शास्त्री महाराज ने किया। इस अवसर पर उनके शिष्य आचार्य मोहित मिश्रा भी उपस्थित रहे। महिला मंडल की ओर से शुक्रवार सुबह दस बजे निकाली गई कलश यात्रा में सेक्टर एक की सैकड़ों महिलाओं ने हिस्सा लिया।

### कॉमर्स ओलंपियाड में यदुवंशी स्कूल छाया

**नारनौल।** आईसीएआई कॉमर्स ओलंपियाड की परीक्षा का आयोजन तीन दिसंबर को ईस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड आकाउंटेंटस की ओर से किया गया। यह राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा थी, जिसमें यदुवंशी के 71 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इस परीक्षा में यदुवंशी ने पूरे देश में पहला, पांचवां व बारहवां स्थान प्राप्त किया है। जिसमें अंतिम ने पूरे भारत में प्रथम, अक्षित यादव ने पांचवां व ख्वाहिस ने बारहवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

### अरावली स्कूल के विद्यार्गी रहे प्रथम

**महेंद्रगढ़।** शहर के सेहलंग रोड स्थित अरावली इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने राज्यस्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। अरावली स्कूल की टीम ने नारनौल बालभवन में आयोजित प्रतियोगिता में विजेता बनी थी। इसके पश्चात जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में गुरुग्राम, रेवाड़ी व महेन्द्रगढ़ जिले के स्कूलों की टीम को हराकर राज्यस्तरीय

### कम्युनिटी बेज्ड रिहैबिलिटेशन कार्यक्रम हुआ शुरू

**नारनौल।** दिव्यांगजन हमारे समाज का अभिन्न अंग हैं। सभी नागरिकों को दिव्यांगों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। यह बात जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने शुक्रवार को एस एम रिहेबिलिटेशन एंड रिसर्च सेंटर की ओर से आयोजित तीन दिवसीय कम्युनिटी बेज्ड रिहैबिलिटेशन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि दिव्यांग किसी भी क्षेत्र में कमजोर नहीं हैं।

---

ग्रामीणों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने प्रयास

# निजामपुर चौक फ्लाईओवर व नहरी रिचार्ज समेत विधायक ने विधानसभा में उठाए कई महत्वपूर्ण मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

विधानसभा के अधिवेशन में नांगल चौधरी के विधायक डा. अभय सिंह यादव ने शुक्रवार को शून्यकाल में इस क्षेत्र से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दे सदन में उठाए। सबसे पहले उन्होंने नहर को पक्का करने के उपरांत कुछ गांवों में गिरते भूजल स्तर की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि नहर को पक्का करना टेल पर पानी पहुंचाने के लिए जरूरी था, लेकिन नहर से जिन गांवों में रिचार्ज प्रभावी रूप से हो रहा था, उसमें कुछ बाधा आयी है। उन्होंने सिंचाई विभाग को निर्देश देने का सरकार से निवेदन किया कि पक्की नहर में जगह-जगह नहर की तली में कुछ हिस्से को कच्चा छोड़ दिया जाए, ताकि रिचार्ज की समस्या का निदान प्रभावी रूप से हो सकें।

## कुछ गांवों में गिरते भूजल स्तर की ओर ध्यान कराया केंद्रित

### किसनों की समस्याओं को प्रमुखता से रखा

उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में सेम की समस्या है, वहां तो ऐसा करने की जरूरत नहीं है, लेकिन जिले में जहां भूजल स्तर नीचा है, वहां इस तरह की व्यवस्था कर दी जाए। इसके साथ ही उन्होंने कुछ वर्ष पहले बने हुए नारनौल में निजामपुर चौक फ्लाईआवर की ओर उप मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि उस फ्लाइओवर का उपरी हिस्सा बहुत खराब हालत में है। अतः रेलवे अधिकारियों से संपर्क करके इसको ठीक करवाया जाए। उप मुख्यमंत्री ने सदन में रहते हुए ही विभाग से रिपोर्ट लेकर विधायक को बताया कि जल्द ही रेवले के साथ यह मामला उठाकर इस पुल को ठीक किया जाएगा। इसके साथ ही विधायक ने सरकार का छोटे दस्तकारों की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि जैसे किसानों को फसल खराब होने का मुआवजा दिया जाता है, उसी तरह छोटे दस्तकारों को भी प्राकृतिक आपदा के कारण होने वाले नुकसान का मुआवजा दिया जाए। उन्होंने उदाहरण देकर कहा कि मिट्टी के बर्तन बनाने वाले दस्तकारों को जब बीच में वर्षा हो जाती है, तो काफी नुकसान होता है। ऐसे दस्तकारों के लिए भी मुआवजे की व्यवस्था सरकार को करनी चाहिए।


डा. अभय सिंह यादव।

### प्रेम विवाह पर रखी अपनी बात

विधायक में सदन में एक अति संवेदनशील और महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दे को उठाते हुए कहा कि रोजाना गांवों से प्रेम विवाह के नाम पर लड़कियां गायब हो रही है और समाज का सारा ताना-बाना नष्ट हो रहा है। उन्होंने कहा कि वह प्रेम विवाह विरुद्ध नहीं है, अपितु उसमें कुछ मर्यादाएं तो रखनी ही पड़ेंगी। यदि नजदीक परिवारिक रिश्तों एवं खून के रिश्ते में भी शादियों होने लगी तो समस्त समाज की व्यवस्था लड़खड़ा जाएगी, इसके लिए सभी को विचार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस विषय में उन्होंने अल्पकालिक चर्चा के लिए विधानसभा अध्यक्ष को एक नोटिस भी दिया है, लेकिन इस समाज को अगर इस तरह से सामाजिक व्यवस्था को नष्ट कर दिया गया तो रिश्तों का पूरा तंत्र समाप्त हो जाएगा और समस्त सामाजिक अव्यवस्था खतम जाएगी। अतः उन्होंने इस विषय में समस्त समाज को सामूहिक सोच के साथ सामाजिक व्यवस्था को बचाने के प्रयास करने चाहिए।

### राव जयराम स्कूल में सरदार पटेल की

**महेंद्रगढ़।** राव जयराम स्कूल में स्वतंत्रता सेनानी सरदार पटेल की पुण्यतिथि मनाई गई। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि कप्तान हरिसिंह यादव व अध्यक्षता नरेंद्र यादव ने की। मुख्यातिथि ने सभी स्टाफ सदस्यों के साथ सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद विद्यार्थियों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्यातिथि ने बताया कि देश की स्वतंत्रता के पश्चात सरदार पटेल उप प्रधानमंत्री एवं प्रथम गृह, सूचना तथा रियासत विभाग के मंत्री भी थे। विश्व के इतिहास में एक भी व्यक्ति ऐसा न हुआ, जिसने इतनी बड़ी संख्या में राज्यों का एकीकरण करने का साहस किया हो। सरदार पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को नडियाद, गुजरात में हुआ था।

---

विकसित भारत यात्रा का उद्देश्य आमजन को योजनाओं से अवगत करवाना

# सरकार नागरिकों को उनके घर द्वार पहुंचकर दे रही सेवाएं : जिला प्रमुख

भारत विकसित संकल्प यात्रा के दौरान जनसंवाद कर लोगों को बताईं मोदी की गारंटी वाली योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा शुक्रवार को खंड के गांव नांगलकाठा व बापड़ोली, नांगल चौधरी खंड के गांव खातोली जाट व खातोली अहीर, कनीना खंड के गांव सिहोर व गाहडा तथा महेंद्रगढ़ खंड के गांव उष्मापुर व जेरपुर गांव में पहुंची। गांव खातोली जाट में जिला प्रमुख डा. राकेश कुमार व खातोली अहीर में पंचायत समिति अध्यक्ष धौली कर्मपाल यादव, जेरपुर में महेंद्रगढ़ एसडीएम हर्षित कुमार, नांगल काठा व बापड़ोली में भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष शिवकुमार महता मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे। वहीं गांव सिहोर व गाहडा में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजीत सिंह कलवाड़ी तथा महेंद्रगढ़ खंड के गांव उष्मापुर में सरपंच रविंदर मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे। जिला प्रमुख डा. राकेश कुमार ने कहा कि इस यात्रा के दौरान नागरिकों को उनके घर द्वार पर जाकर सरकार सेवाएं दे रही है। इस तरह से अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचेगा। आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं है, जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है। एसडीएम हर्षित कुमार ने कहा कि विकसित भारत यात्रा का उद्देश्य आमजन को सरकार की योजनाओं से अवगत करवाना व योजनाओं का लाभ देना है।


नारनौल। विकसित भारत की शपथ दिलाते पूर्व जिला अध्यक्ष शिवकुमार महता।

### मेरी कहानी मेरी जुबानी के जरिए लाभार्थियों ने गिनाई सरकारी की योजनाओं की खासियत

विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने सरकार की अलग-अलग योजनाओं की खासियत बताई। उन्होंने अपनी कहानी बताते हुए लाभार्थियों को समझाया कि योजनाओं का लाभ लेने के लिए अब किसी दफ्तर के चक्कर काटने की जरूरत नहीं बल्कि अधिकतर योजनाएं व सेवाएं अब सरल हरियाणा पर ऑनलाइन उपलब्ध है। नागरिक अपने खुद के मोबाइल या कम्प्यूटर अथवा किसी भी नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर योजनाओं के लिए आवेदन कर सकता है। योजनाओं का लाभ लेना अब बहुत ही आसान हो गया है।

### आज इन गांवों में जाएगी यात्रा

आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को लेकर चल रही विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा 16 दिसंबर को नारनौल खंड के गांव चिंडालिया व हमीदपुर, नांगल चौधरी खंड के गांव कमानियां व छापड़ा बीबीपुर, कनीना खंड के गांव कोटिया व करीरा तथा महेंद्रगढ़ खंड के गांव सुरजनवास व खेड़ा गांव में जाएगी।


महेंद्रगढ़। गांव जेरपुर में विकसित भारत की शपथ दिलाते एसडीएम हर्षित कुमार।

## विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा शुक्रवार को गांव उष्मापुर व जेरपुर पहुंची। गांव जेरपुर में एसडीएम हर्षित कुमार (आईएएस) ने मुख्यातिथि तौर पर शिरकत की। नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। उष्मापुर में सरपंच रविंद्र ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं के लिए पंजीकृत किया। एसडीएम हर्षित कुमार ने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत यात्रा का उद्देश्य आमजन को सरकार की योजनाओं से अवगत करवाना व योजनाओं का लाभ देना है। उन्होंने कहा कि जो आमजन किसी कारणवश सरकार की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गए हैं वो विकसित भारत यात्रा के दौरान लगने वाले कैंपों में योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार शासन में पारदर्शिता व जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं को निरंतर धरातल पर उतार रही है। उन्होंने कहा कि हम सभी ने विकसित भारत का संकल्प लिया है और यह संकल्प एक शब्द मात्र नहीं है, बल्कि देश के करोड़ों गरीबों को सबको बराबर लाने का एक पुनीत विचार है।


महेंद्रगढ़। विजेता छात्रा को सम्मानित करते हुए। फोटोः हरिभूमि

## गीता महोत्सव में मुस्कान ने पाया तीसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव की जिला स्तरीय प्रतियोगिता राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौल में आयोजित की गई। इन विभिन्न प्रतियोगिता में जिले के सात खंडों के विभिन्न स्कूलों के अनेक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन विभिन्न प्रतियोगिताओं में मॉडर्न स्कूल भोजावास ने चार स्थान प्राप्त किए। वरिष्ठ वर्ग की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रीतु, नेहा, खुशबू ने व भाषण प्रतियोगिता में अलीशा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इसी प्रकार कनिष्ठ वर्ग की लेखन प्रतियोगिता में मुस्कान ने तीसरा तथा भाषण प्रतियोगिता रौनक ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। छात्रा मुस्कान ने लेखन प्रतियोगिता में जिला स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया। यह राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। निदेशक राजकुमार यादव ने बताया कि जिस छात्रा ने जिला स्तर पर लेखन प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया है वह राज्य पर होने वाली प्रतियोगिताओं में भी अवश्य प्रथम स्थान प्राप्त करके अपने विद्यालय तथा अपने अभिभावकों का नाम रोशन करेगी। जिला स्तर पर तीसरा स्थान व सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को संस्था निदेशक राजकुमार यादव, हवासिंह, प्रबंधन समिति सदस्य मनोज कुमार, प्राचार्य अनिल कुमार, अध्यापक राकेश कुमार, पवन कुमार, रामसिंह, हेमंत कुमार, योगेश कुमार, कैलाश कुमार, शकुन्त शहरावत, रिंकू यादव, प्रियंका यादव, मंजू ने पुरस्कृत किया।

### सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि

**महेंद्रगढ़।** सिटी किड्जी वर्ल्ड स्कूल में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि मनाई गई, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए अपनी रचनाओं के माध्यम से एकता व कर्मठता का भाव दर्शाया। इस दौरान विद्यार्थियों ने शपथ लेते हुए कहा कि हम राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने लिए स्वयं को समर्पित कर देंगे। कार्यक्रम में चेयरमैन विजय सिंह यादव मुख्यातिथि तथा मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन यादव ने विशिष्ट अतिथि के रूप रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार वल्लभभाई के चित्र को माला पहनाकर पुष्प अर्पित कर किया। मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन यादव ने सभी विद्यार्थियों को सरदार पटेल के बारे में बताया।

---

# सरदार पटेल का योगदान बताया

- हरियाणा स्कूल में लोह पुरुष सरदार पटेल को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

मोहल्ला चौधरीयान स्थित हरियाणा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को देश के पहले उपप्रधानमंत्री व गृहमंत्री लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसका शीर्षक भारत एकीकरण में सरदार पटेल की भूमिका था। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान तथा उनकी नीतियों से विद्यार्थियों को अवगत करवाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय चेयरमैन हितेन्द्र शर्मा व निदेशिका संगीता शर्मा, प्रधानाचार्य अवनीश कुमार ने स्टाफ सहित सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय चेयरमैन हितेन्द्र शर्मा ने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय एकता के अद्भुत शिल्पी थे, जिनके हृदय में भारत बसता था। वे नवीन भारत के निर्माता थे। बालड़ौली सत्याग्रह आंदोलन का उन्होंने सफलतापूर्वक नेतृत्व किया। सरदार पटेल ने देश की 562 रियासतों को एक साथ लाने के लिए अथक प्रयास किए थे। उन्होंने ऐसा रास्ता दिखाया कि आज भारत एक मजबूत राष्ट्र के रूप में पहचाना जाता है।


नारनौल। सरदार पटेल की पुण्यतिथि पर नमन करते हुए। फोटोः हरिभूमि

# विजेता विद्यार्थियों का पुरस्कार देकर किया सम्मान

- कॉमर्स ओलिम्पियाड में सूरज स्कूल के 14 विद्यार्थियों ने पाई सफलता

हरिभूहम न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

भारतीय चार्टड अकाउंटेंट संस्था द्वारा आयोजित कॉमर्स ओलंपियाड में सूरज स्कूल के 14 छात्रों ने सफलता प्राप्त की। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस परीक्षा में प्रथम 50 में से 10 स्थान सूरज स्कूल के विद्यार्थियों ने प्राप्त किए। इनमें भीम, जहान, खुशबू, कुशलता, मुकुल, पंकज, समीर, सुमन व यशश आदि शामिल रहे। इन विद्यार्थियों को भारतीय चार्टड अकाउंटेंट संस्था द्वारा 1500 रुपये का नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। अन्य 50 स्थानों में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों ने चार स्थान प्राप्त किए। इन विद्यार्थियों में अमन, दीपेंद्र, जितेंद्र और शीनू शामिल रहे। इन विद्यार्थियों को 1000 रुपये का नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। संस्था निदेशक संदीप प्रसाद ने कहा कि वाणिज्य संख्या की विद्यार्थियों के लिए इस प्रकार की राष्ट्रीय क्षेत्र की प्रतियोगी परीक्षा में अच्छे प्रदर्शन से उनके चार्टड अकाउंटेन्ट चार्टड सेक्रेटरी आदि पदों पर पहुंचने की संभावनाओं को बल मिलता है। विद्यालय में इसी प्रकार सभी विषयों की प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है, जिसके लिए विषय के पारंगत अध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया जाता है तथा समय-समय पर होने वाली इस प्रकार की परिक्षाओं की जानकारी विद्यार्थयों का दी जाती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को इस सफलता पर बधाई दी। सभी अध्यापकों ने भी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि को सराहा तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की।


महेंद्रगढ़। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटोः हरिभूमि

---



## टैगोर स्कूल के विद्यार्थियों ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन में जीते गोल्ड मेडल

**महेंद्रगढ़।** टैगोर स्कूल में साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन में जीते गोल्ड मेडल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय मीडिया प्रभारी मनीष यादव ने बताया की साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के द्वारा जीके ओलंपियाड-2023 का आयोजन किया गया। आयोजित परीक्षा में कक्षा पांचवी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें कक्षा पांचवी से जैविक पुत्र महावीर ने गोल्ड मेडल हासिल किया। कक्षा छठी से प्राची पुत्री संजय, विनीत पुत्र रविंद्र व कार्तिक पुत्र मुकेश ने गोल्ड मेडल हासिल किया। कक्षा आठवीं से निखिल पुत्र वीर सिंह ने गोल्ड मेडल हासिल किया। परीक्षा में भाग लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के द्वारा प्रमाण पत्र जारी किया गया। प्राचार्या डॉ. निशा ने बताया कि सामान्य विज्ञान का ज्ञान होना अति आवश्यक है, बिना सामान्य विज्ञान के प्रगति संभव नहीं।

क्विज में राष्ट्रीय स्तर पर भारती सैनी को प्रथम स्थान

# भारती को 50 हजार मिला नकद पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित नेशनल लेवल कॉमर्स ओलंपियाड में बीपीएस स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार परिणाम दिया है। कॉमर्स विभाग के एचओडी राजेश गोयल ने बताया कि आईसीएआई की ओर से वर्ष बच्चों में कॉमर्स विषय के प्रति रूचि पैदा करने के लिए कॉमर्स क्विज का आयोजन किया जाता है। जिसमें नौवीं से 12वीं के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। हाल ही में घोषित इस परिणाम में बीपीएस स्कूल के 19 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर अपना, अभिभावकों व अध्यापकों का गौरव बढ़ाया। जिसके तहत इन विद्यार्थियों को 2000 रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं दूसरी ओर इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सैक्रेटरिज ऑफ इंडिया जीके क्विज में संस्था की छात्रा भारती सैनी ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर 50000 रुपये का नगद पुरस्कार प्राप्त किया। शहर के मोहल्ला सलामपुरा वासी भारती की इस उपलब्धि पर पिता सुरेंद्र सैनी, ताऊ अभय सैनी व चाचा सतीश सैनी सहित परिजनों में भी उत्साह है। वहीं छात्रा हर्षिता अग्रवाल ने 2000 रुपये का सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। सभी सफल प्रतिभागियों ने खुशी जाहिर करते हुए विद्यालय कॉमर्स संकाय का धन्यवाद किया। संस्था वाइस चेयरमैन कमल संघी व सह-सचिव डा. कर्ण चौधरी ने विजेता छात्र-छात्राओं को मॉर्निंग असेम्बली में सम्मानित किया।


नारनौल। क्विज प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी। फोटोः हरिभूमि



## पुण्यतिथि पर पटेल को किया नमन

**महेंद्रगढ़।** राव सुल्तान सिंह स्कूल निम्बेहड़ा में आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। संस्था निदेशक सतपाल यादव ने बताया कि 15 दिसंबर को सरदार पटेल को पूरा राष्ट्र नमन करता है। उन्होंने बताया कि पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को नडियाद में हुआ था व झेवर भाई पटेल और लाडबा देवी की चौथी संतान थे। उनकी शिक्षा मुख्यतः स्वाध्याय से हुई। लंदन जाकर उन्होंने बैरिस्टर की ऊपर पढ़ाई की और वापस आकर अहमदाबाद में वकालत करने लगे। उन्होंने बीपी मेनन के साथ मिलकर 565 देशी रियासतों में से 562 रियासतों को भारत में विलय करने में कामयाब हुए। यदि उन्हें समय प्रधानमंत्री पटेल को बना दिया गया होता तो आज देश का नक्शा अलग होता। सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित स्मारक बनाया गया है। हम सभी देशवासी ऐसी महान विभूति को उनकी पुण्यतिथि नमन करते हैं।